वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता 2022–23
11 व 12 नवम्बर 2022
प्रथम दिवस

सकलडीहा पीजी कॉलेज सकलडीहा चंदौली में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता प्रारम्भ हुआ। जिसमें महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। इस मौके पर छात्र/छात्राओं नें विभिन्न प्रकार के क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में बॉलीवाल, कबड्डी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सबको प्रभावित कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0 शिवसहाय यादव, पूर्व विभागाध्यक्ष–भूगोल, सकलडीहा पी0जी0 कॉलेज, सकलडीहा–चन्दौली ने कहा कि महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को प्रतिदिन खेलों को अपने जीवन में लाना चाहिए और कम से कम आधा घण्टा व्यायाम करना चाहिए इससे शरीर शारीरिक व मांसिक रूप से स्वस्थ्य रहता है।

कालेज के प्राचार्य प्रो0 प्रदीप कुमार पाण्डेय ने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में कहा कि खेल–कूद के माध्यम से हम तनाव मुक्त रहते है इससे हमारी बौधिक, सामाजिक एवं भावनात्मक जैसे आयामों का विकास होता है। कार्यक्रम का शुभारंभ वॉलीबाल खेल जिसमें बी0ए0 प्रथम वर्ष एवं तृतीय वर्ष के बीच मैच के साथ हुआ। दूसरे सत्र में कबड्डी की प्रतियोगिता हुई जिसमें बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्रों ने अपने प्रदर्शन से अन्य सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर श्री श्याम लाल सिंह यादव ने किया। इस मौके पर महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण प्रो0 प्रमोद कुमार सिंह, प्रो0 दयानिधि यादव, डॉ0 उदय शंकर झा, प्रो0 इन्द्रदेव सिंह, प्रो0 शमीम राईन, डॉ0 अजय कुमार सिंह यादव, डॉ0 इंद्रजीत सिंह, डॉ0 दयाशंकर सिंह यादव, डॉ0 सीता मिश्रा, डॉ0 मीनू जायसवाल, सहित अन्य उपस्थित रहे अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम संयोजक श्री श्याम लाल सिंह यादव ने किया तथा डॉ0 इन्द्रजीत सिंह ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

द्वितीय दिवस–12.11.2022

सकलडीहा पीजी कॉलेज सकलडीहा में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन दौड़, गोल प्रक्षेपण, रस्सा–कस्सी एवं म्यूजिकल चेयर की प्रतियोगिताए हुईं। इन सभी खेल–कूद में महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया। समारोह के अध्यक्ष प्राचार्य प्रो0 प्रदीप कुमार पाण्डेय कार्यक्रम संयोजक श्री श्याम लाल सिंह यादव रहे। मुख्य अतिथि प्रो0 अरूण कुमार उपाध्याय पूर्व विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र, सकलडीहा पी0जी0 कॉलेज सकलडीहा चन्दौली रहे। "दो दिवसीय प्रतियोगिता में छात्र/छात्राओं ने पूरी निष्ठा और लगन के साथ विविध कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंत में प्राचार्य एवं मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राओं को मेडल और ट्राफी देकर सम्मानित किया। जिसमें, प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले व्यक्तिगत प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया तथा विजेता टीमों को ट्राफी प्रदान की गयी। मुख्य अतिथि ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि खेल–कूद जीवन का एक अभिन्न अंग है। दिन प्रतिदिन हमारे देश के खिलाड़ी देश का नाम ऊँचा कर रहे है और अंक तालिका में स्थान सुनिश्चित कर रहे है। अंत में कार्यक्रम संयोजक श्री श्याम लाल सिंह यादव ने दो दिन का खेल–कूद का रिपोर्ट पढ़ा एवं धन्यवाद ज्ञापन किया।

वार्षिक खेल–कूद परिणाम 2022–23

महिला वर्ग

क्र0सं0	प्रतियोगिता का नाम	प्रतिभागी विजेताओं का नाम		
		प्रथम	द्वितीय	तृतीय
1.	100 मी. दौड़	मोना सिंह (बी.ए.।।।)	संजना यादव (बी.ए. ।।)	ऑचल (बी.ए. ।।।)
2.	200 मी. दौड़	संजना यादव (बी.ए. ।।)	निशा मौर्या (बी.ए. ।।।)	मोना सिंह (बी.ए. ।।।)
3.	400 मी. दौड़	मोना सिंह (बी.ए.।।।)	रविना बानो (बी.ए. ।।)	संजना यादव (बी.ए. ।।)
4.	गोला फेक	ऑचल बी.ए.।।।	चन्दा प्रजापति बी.ए.।।।	मोना सिंह बी.ए. ।।।
5.	रस्सा–कस्सी	बी.ए. तृतीय वर्ष	बी.ए. प्रथम वर्ष	बी.ए. द्वितीय वर्ष
6.	म्यूजिकल चेयर	मीनू कुमारी बी.ए.।।।	मीना राय बी.ए. ।।	रीया बी.ए. ।।।

पुरूष वर्ग

क्र0सं0	प्रतियोगिता का नाम	प्रतिभागी विजेताओं का नाम		
		प्रथम	द्वितीय	तृतीय
1.	100 मी. दौड़	संजीत सिंह (एम.ए.)	आलोक यादव (बी.ए. ।।।)	हरिओम पाण्डेय (बी.ए. ।।)
2.	200 मी. दौड़	रवि प्रकाश राय	हरिओम पाण्डेय (बी.ए. ।।)	आलोक यादव (बी.ए. ।।।)
3.	400 मी. दौड़	संजीत सिंह (एम.ए.)	रवि प्रकाश राय	हरिओम पाण्डेय (बी.ए. ।।)
4.	गोला फेक	अजय गुप्ता (एम.ए.)	ऋषभ सिंह (बी.ए. ।।)	संजीत सिंह (एम.ए.)
5.	वालीबॉल	बी0ए0 तृतीय वर्ष	एम.ए.	बी.ए. द्वितीय वर्ष
6.	रस्सा–कस्सी	एम.ए.	बी.ए. तृतीय वर्ष	बी.ए. प्रथम वर्ष
7.	कबड्डी	बी0ए0 तृतीय वर्ष	बी.ए. द्वितीय वर्ष	एम.ए.

12/11/2022

श्री श्याम लाल सिंह यादव
कार्यक्रम संयोजक

प्रो0 प्रदीप कुमार पाण्डेय
प्राचार्य

प्राचार्य
सकलडीहा पी0 जी0 कालेज
सकलडीहा, चन्दौली